नवभारत

निवेशकों को आमंत्रित करने मुंबई पहुंचे CM योगी ने कहा

विकास की नई कहानी लिख रहा UP

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. अगले महीने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) में निवेशकों को आमंत्रित करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अर्थनगरी मुंबई पहुंचे. जीआईएस को लेकर विश्व के 16 देशों में रोड शो के बाद अब देश में मुंबई से योगी ने घरेलू निवेशकों को आकर्षित करने की शुरुआत की है. 2 दिन के मुंबई दौरे में वह बड़े उद्योग समूहों और फिल्मी हस्तियों से मुलाकात कर उन्हें यूपी में निवेश का न्योता देने के साथ यहां निवेश के अवसरों व सहूलियतों के बारे में जानकारी देंगे. बुधवार को प्रवासी निवासियों को मुंबई में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश चुनौतियां देख पलायन नहीं करता, सामना करता है. सदी के सबसे बड़ी महामारी कोरोना के दौरान जब प्रवासियों के समक्ष पलायन का संकट आया तो उत्तर प्रदेश ने सबको सहारा दिया. प्रवासी हो या निवासी, सबकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई. मुम्बई में उत्तर प्रदेश मूल के लोगों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज का उत्तर प्रदेश आत्मविश्वास से भरा है और आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है. बीते 5-6 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए बदलाव के सभी साक्षी रहे हैं.

सिंगल विंडो सिस्टम को राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना

यूपी का सिंगल विंडो सिस्टम राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है जहां 350 से अधिक एनओसी बड़ी सरलता से मिल रही है. यही नहीं हाल ही में हमने औद्योगिक निवेश के एमओयू की मॉनीटरिंग और निवेशकों को समय से इन्सेंटिव देने के लिए निवेश सारथी पोर्टल भी विकसित किया है. हम लोगों ने चयन आयोगों में अनावश्यक हस्तक्षेप को बंद किया. उन्हें स्वायत्तता दी लेकिन जवाबदेही भी तय की और परिणाम यह हुआ कि पांच लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिली लेकिन एक कि नियुक्ति पर भी सवाल नहीं उठा.

- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश